हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, बुधवार, 7 मई 2025

तापमान
अधिकतम 37 .7 डिग्री
न्यूनतम 19 .0 डिग्री

12 अग्रसेन भवन में 18 को गरीब कन्याओं की होगी शादी



11 बच्चों ने डाइट मनी को लेकर किया प्रदर्शन



## खबर संक्षेप

### दुकानदारों के सिंगल यूज पॉलीथिन के काटे चालान

**हिसार।** स्वच्छता शाखा की टीम ने चेकिंग अभियान के दौरान मंगलवार को अर्बन एस्टेट स्थित 2 दुकानदारों के सिंगल यूज पॉलीथीन के चालान किए। इस दौरान तकनीकी विशेषज्ञ जसबीर कुंडू, सीटीएल प्रदीप जाखड़ मौजूद रहे। टीम ने दुकानदारों व आमजन को बताया कि सिंगल यूज पॉलीथीन पर्यावरण के लिए बेहद खतरनाक हैं। ऐसे प्लास्टिक न तो डिकंपोज होते हैं और जलाने पर हानिकारक धुंआ निकलता हैं जो पर्यावरण और इंसानों, जानवरों और पेड़-पौधों की सेहत के लिए खतरनाक होते हैं। इसके अलावा सिंगल यूज पॉलीथीन का कचरा बारिश के पानी को जमीन के नीचे जाने से रोकता हैं, जिससे ग्रांउड वॉटर लेवल में कमी आती हैं।

### सैन समाज की कार्यकारिणी भंग, चुनाव 27 को

**उकलाना।** सैन समाज की एक बैठक सैन धर्मशाला में वरिष्ठ सदस्य मांगेराम दनौदा की अध्यक्षता में हुई जिसमें सर्वसम्मति से पहले की कार्यकारिणी को पूर्ण रूप से भंग कर दिया गया है। अब नई कार्यकारिणी के लिए अगली बैठक 27 मई को होगी जिसमें नवनियुक्त प्रधान, उपप्रधान, सचिव, कोषाध्यक्ष को चुना जाएगा और सैन धर्मशाला के सौंदर्यकरण के काम को आगे बढ़ाया जाएगा। इस मौके पर प्रवीन सैन, नानूराम, कप्तान सैन, कर्मवीर सैन, ईश्वर अजमेरा, मोकल, सोनू, बिजेंद्र, जग्गू, कृष्ण आदि मौजूद थे।

### पिस्तौल के बल पर कार लूट कर आरोपी फरार

**बरवाला।** बरवाला बाइपास पर मंगलवार प्रातः कार मालिक से तीन नकाबपोश लुटेरे पिस्तोल के बल पर उसकी कार और मोबाइल लूट कर फरार हो गए। जाते-जाते इन लुटेरों ने थोड़ी दूरी पर कार मालिक से लूटा गया मोबाइल तो फेंक दिया जो कार मालिक को ढूंढने पर मिल गया। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी दलबीर सिंह पूनिया ने अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर कार मालिक से इस वारदात के बारे में जानकारी ली।

### नगर निगम में लगी आग से मची अफरा तफरी

**हिसार।** नगर निगम में मंगलवार की सुबह अचानक आग लग गई। आग की घटना से निगम में अफरा तफरी मच गई। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया जिससे किसी बड़ा नुकसान होने से बच गया। आग संयुक्त आयुक्त के कार्यालय में लगी। जिस समय आग लगी उस समय संयुक्त आयुक्त प्रीतपाल सिंह कार्यालय में मौजूद थे।

### डेढ़ करोड़ से वार्ड 16 में बनेंगी पक्की गलियां

**नारनौंद।** नगर पालिका चेयरमैन शमशेर कूकन ने मंगलवार को वार्ड 16 में डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली 12 गलियों का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। इस दौरान उनके साथ वार्ड के पार्षद अमित सैनी भी विशेष तौर पर मौजूद थे।

### बेसहारा पशुओं पकड़कर भेजा गो-अभ्यारण

**हिसार।** नगर निगम टीम के द्वारा मंगलवार को चंद्रलेन कॉलोनी, शास्त्री नगर, सेक्टर 1-4 के आस-पास के क्षेत्र से बेसहारा पशु पकड़ने का अभियान चलाया गया। एएसआई राहुल सैनी ने बताया कि इस दौरान टीम ने 40 बेसहारा पशुओं को पकड़कर गो-अभ्यारण में भेजा गया।

### हत्या मामले में यूपी का इंसार दोषी करार

**हिसार।** जिंदल मॉडर्न स्कूल के पास दुकान के बाहर बैठे घिराय के कुलदीप की गोलियां मारकर हत्या करने के मामले में अदालत ने उत्तर प्रदेश के इंसार उर्फ बंटी को आज दोषी करार दिया है। इंसार को अदालत 8 मई को सजा सुनाएगी।

## नशे काअवैध कारोबार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : डीसी

# दवाइयों के रिकॉर्ड में गड़बड़ी पर नौ मेडिकल के लाइसेंस सस्पेंड

### उपायुक्त यादव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एनकॉर्ड एवं पीएनडीटी की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

उपायुक्त अनीश यादव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एनकॉर्ड एवं पीएनडीटी बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के सभी एसडीएम, पुलिस विभाग और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान उपायुक्त ने निर्देश दिए कि जिले में नशे के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जाए तथा प्रत्येक एसडीएम अपने क्षेत्र में एक मॉडल गांव विकसित करें, जहां नशा पूरी तरह समाप्त हो और युवाओं को सकारात्मक दिशा में प्रेरित किया जाए। उपायुक्त को स्वास्थ्य विभाग की ओर से जानकारी दी गई कि पिछले माह एनडीपीएस दवाइयों के रिकॉर्ड में गड़बड़ी पाए जाने पर 9 मेडिकल स्टोरों के लाइसेंस को सस्पेंड किया गया है। वहीं एक मेडिकल स्टोर का लाइसेंस रद्द कर दिया गया तथा 7 मेडिकल स्टोर संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि नशे के अवैध कारोबार को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, बरवाला एसडीएम डॉ. वेदप्रकाश बेनीवाल, नारनौंद एसडीएम मोहित मेहराणा, हांसी एसडीएम राजेश खोथ आदि रहे।



हिसार। जिला स्तरीय एनकॉर्ड एवं पीएनडीटी की बैठक में उपस्थित उपायुक्त अनीश यादव। *फोटो: हरिभूमि*

#### नशे की ओवरडोज से मौतों पर पुलिस सतर्कः एसपी

बैठक में पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने बताया कि नशे की ओवरडोज से होने वाली मौतों को लेकर पुलिस विशेष सतर्कता बरत रही है। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में इस प्रकार की घटनाएं अधिक होती हैं, वहां विशेष निगरानी और गश्त बढ़ाई गई है। साथ ही नशा तस्करी में लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

#### लिंगानुपात में गिरावट पर एसएमओ को नोटिस

जिला स्तरीय पीएनडीटी की समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य विभाग की गतिविधियों की जानकारी ली गई। लिंगानुपात में गिरावट वाले क्षेत्र, विशेष रूप से सिसाय, बरवाला, खांडा खेड़ी, सोरखी, आर्य नगर, मिर्चपुर, उकलाना, सीसवाल, मंगाली व अर्बन एरिया में स्थिति चिंताजनक पाई गई है। इन क्षेत्रों के एसएमओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

#### उकलाना क्षेत्र में सबसे कम लिंगानुपात 802 दर्ज

स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, उकलाना क्षेत्र में सबसे कम लिंगानुपात 802 दर्ज किया गया है, जो जिले के औसत से काफी कम है। उपायुक्त ने इस पर चिंता व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि सभी संबंधित अधिकारी सक्रिय रूप से काम करें और लिंगानुपात सुधारने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाएं।

# जिले में आज आयोजित होगी मॉक ड्रिल

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार 7 मई को हिसार जिले में मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। किसी भी आपात परिस्थिति के मद्देनजर सुरक्षा उपायों की पूर्ण तैयारी के लिए यह अभ्यास अत्यंत महत्वपूर्ण है। सायरन के माध्यम से मॉक ड्रिल की शुरुआत की जाएगी। जिला राजस्व अधिकारी विजय कुमार यादव ने बताया कि मॉक ड्रिल का उद्देश्य संचार व्यवस्था, नियंत्रण कक्षों की कार्यप्रणाली, नागरिक सुरक्षा सेवाओं, अग्निशमन, बचाव और प्रबंधन की सक्रियता का परीक्षण किया जाएगा। विभिन्न सुरक्षा प्रबंधों की प्रभावशीलता का मूल्यांकन कर आपातकालीन तैयारियों को और मजबूत किया जाएगा।

#### मॉक ड्रिल को लेकर सलाह

रात को अपना फोन और पावर बैंक चार्ज कर लें।
बुनियादी सामान/आपातकालीन आपूर्ति तैयार रखें:
बैटरी/सौर ऊर्जा से चलने वाली फ्लैशलाइट/टॉर्च, रेडियो, ग्लो स्टिक
वैध आईडी कार्ड
परिवार की आपातकालीन किट तैयार रखें: पानी, सूखा भोजन, बुनियादी दवाइयाँ।
अलर्ट के बारे में जागरूकता: सायरन सिग्नल सीखें

**यह भी रखें ध्यान:** घर के अंदर रहें और खिड़कियों से दूर रहें। अगर आप गाड़ी चला रहे हैं, तो अपने वाहन को किनारे पर पार्क करें और लाइटें बंद कर दें। जहाँ हैं वहीं रहें और इधर-उधर न जाएँ।अलर्ट के दौरान सभी इनडोर और आउटडोर लाइटें बंद कर दें, जिसमें इन्वर्टर या वैकल्पिक बिजली आपूर्ति को डिस्कनेक्ट करना शामिल है। ब्लैकआउट की घोषणा होने/सायरन चालू होने पर गैस/बिजली के उपकरण बंद कर दें। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि बच्चों, बुजुर्गों और पालतू जानवरों की हर समय निगरानी की जाए खिड़कियों के पास फोन या एलईडी डिवाइस का इस्तेमाल न करें।

# शहर से हटवाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

मेयर प्रवीण पोपली व निगमायुक्त के निर्देशानुसार सिरसा चुंगी से लेकर जिंदल पुल तक रोड को अतिक्रमण मुक्त कराने का अभियान लगातार जारी है। मंगलवार को टीम द्वारा ग्रीन बेल्ट मॉडल टाउन सरकारी स्कूल के पास से व मलिक चौक से पारिजात चौक तक अतिक्रमण हटाया गया। तहबाजारी इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा ने बताया इस दौरान तहबाजारी टीम द्वारा पूरे रोड पर मुनादी करके रोड पर अतिक्रमण न करने की अपील की जा रही है। तहबाजारी टीम के इंचार्ज सुरेंद्र शर्मा के अनुसार सिरसा चुंगी से लेकर जिन्दल पुल तक लगभग रोड पर अतिक्रमण नहीं था। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण हटाने के बाद यातायात व्यवस्था में काफी सुधार हुआ है। सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि सोमवार को दिल्ली रोड मॉडल मोड से सामान उठाया गया। इसके साथ-साथ सनसिटी के सामने रोड पर रखे सामान को उठाया गया।



हिसार। अतिक्रमण न करने की अपील करती निगम कर्मचारी। *फोटो: हरिभूमि*

# एसपी ने किया थाने का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौंद

पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने बास थाना का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने थाना के रिकॉर्ड, मालखाना, आपराधिक रिकॉर्ड के निरीक्षण के साथ साइबर डेस्क व महिला डेस्क की जांच की। थाना के मुंशी कक्ष और शस्त्रागार में रखे असलहे की जांच की। कंप्यूटर रूम के साथ वायरलेस कक्ष की भी व्यवस्था देखी। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी पवित्र सिंह को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि थाना में आने वाली शिकायतों पर नम्बर लगा कर उन पर कार्रवाई सुनिश्चित करे। अदालत से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन करने व अन्य मामले में शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करे। अपराध नियंत्रण के लिए थाना क्षेत्र में पुलिस गश्त ओर ज्यादा करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने थाना में दर्ज मामलों की स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी ली। साथ ही थाना प्रबंधक को थाने का रिकॉर्ड सुरक्षित रखने, थाना परिसर में साफ सफाई रखने के निर्देश दिए और पुलिस कब्जे में लिए गए वाहनों के मामलों का जल्द से जल्द निपटारा करने के निर्देश दे।



**नारनौंद।** बास थाने का निरीक्षण करते हुए पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन।

# पानी रोके जाने के विरोध में इनेलो का प्रदर्शन

- महिला कार्यकर्ताओं ने लघु सचिवालय गेट पर फोड़े मटके

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

पंजाब द्वारा हरियाणा को भाखड़ा का 9 हजार क्यसेक पानी नहीं दिए जाने और पंजाब के मुख्यमंत्री द्वारा भाखड़ा के गेट पर गैरकानूनी तरीके से ताला जड़कर पुलिस की तैनाती करने के विरोध में इनेलो ने सड़क पर उतर कर प्रदर्शन किया। इस दौरान केंद्र सरकार के नाम ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व राष्ट्रीय संगठन सचिव उमेद लोहान व जिलाध्यक्ष सतपाल काजला ने किया। प्रदर्शन से पूर्व इनेलो कार्यकर्ता एचएयू के गेट नंबर चार के सामने स्थित पार्क में एकत्रित हुए। प्रदर्शन में शामिल महिलाएं सिर पर मटके लेकर लघु सचिवालय पहुंची और गेट पर विरोध स्वरूप मटके फोड़कर रोष जताया। इस मौके पर राष्ट्रीय संगठन सचिव उमेद लोहान ने कहा कि आज का प्रदर्शन केवल चेतावनी मात्र है अगर पंजाब ने हरियाणा का पानी नहीं दिया तो इनेलो पंजाब के रास्ते बंद करने से पीछे नहीं हटेगी।



**हिसार।** मटके लेकर लघु सचिवालय की ओर जाती इनेलो की महिला कार्यकर्ता।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव चत्तर सिंह स्याहड़वा, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य भूपेंद्र दरियापुर, प्रदेश सचिव सतबीर सिसाय, साहिलदीप कस्वां, ललिता टाक, राजू तलवंडी, बलराज सभ्रवाल, सुभाष टाक, जंगबहादुर, राजेश कुमार बिल्लू, राजकुमार, सत्यवान राजली, तेलूराम सरपंच, चरण सिंह, बलबीर सिहाग व जिला प्रवक्ता रमेश चुघ आदि मौजूद रहे।

### अतिक्रमण के नाम पर गरीब रेहड़ी चालकों की रोजी-रोटी छीनना बेहद निंदनीय: राजेंद्र सोरखी



**हांसी।** आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेंद्र सोरखी ने कहा है कि नगर निगम के मेयर अतिक्रमण हटाए जाने के नाम पर गरीब रेहड़ी चालकों को निशाना बनाते हुए उनकी रोजी-रोटी छीनकर उन्हें सड़क पर लाने का काम किया है। आप नेता राजेंद्र सोरखी ने कहा कि जब से भाजपा की सरकार सत्ता में आई है, प्रदेश की जनता पर तरह-तरह के अत्याचार किए जा रहे हैं। आज कर्मचारी, मजदूर, किसान, व्यापारी, छात्र सहित हर वर्ग सरकार के खिलाफ किसी ने किसी समस्या या मांगों को लेकर आंदोलन चलाए हुए हैं। सरकार जनता पर ओछे हथकंडे अपना कर अत्याचार व अन्याय करने पर तुली हुई है। आप पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेंद्र सोरखी ने कहा कि जनता का मूलभूत सुविधाओं से ध्यान हटाकर अतिक्रमण हटाने के नाम पर हल्ला मचा दिया है, जबकि सच्चाई यह है कि नगर के जिन मुख्य बाजारों व सड़कों से अतिक्रमण हटाया जाना चाहिए था, वहां पर अभी तक मेयर या नगर निगम की टीम का कर्मचारी तक भी नहीं पहुंचा है। केवल गरीब रेहड़ी चालकों को अतिक्रमण के नाम पर मोहरा बनाया जा रहा है।

# सड़क निर्माण में धांधली का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने 16-17 में सेक्टरवासियों की सद्भावना पार्क में वरिष्ठ उप प्रधान डॉ. हरिश्चंद्र की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। बैठक में सेक्टर के मकान नंबर 1 से लेकर के 920 तक के बनने वाले रोड के बारे में विचार विमर्श हुआ। बैठक में यह मामला एकमत से निगम के उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाने का फैसला लिया गया। इस दौरान सेक्टरवासी कुलबीर दुहन ने नगर निगम के कार्यकारी अभियंता से बात की तो उन्होंने निगम एसडीओ, जूनियर इंजीनियर और ठेकेदार को मौके पर भेजने का कार्य किया। एसडीओ और जूनियर इंजीनियर को सेक्टरवासियों ने रोड का निरीक्षण करवाया। सेक्टर वासियों ने रोड पर डाली गई बजरी की मात्रा काम डालने पर ऐतराज जताया। सही तरीके से रोलर भी नहीं चलाया गया। जगह-जगह से रोड पर रोड़ी निकल रही थी। पानी निकासी को लेकर के रोड पर सभी जगह पर जीटी का निर्माण भी नहीं किया हुआ था।



**हिसार।** सड़क के सही निर्माण पर आपत्ति जताते क्षेत्रवासी। *फोटो: हरिभूमि*

# बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी ने मुनीश को किया सम्मानित



**हिसार।** दिल्ली में हुए इंटरनेशनल बिजनेस अवार्ड में शहर के रामा वीजा कंसल्टेंट्स के मालिक मुनीश सरदाना को बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी ने बेस्ट वीसा कंसल्टेंट्स हरियाणा अवार्ड से नवाजा गया है। मुनीश सरदाना ने बताया कि वह पिछले दस सालों से स्टडी वीजा का कार्य कर रहे है तथा 500 से ज्यादा स्टूडेंटस की काउंसलिंग करके विदेश भेज चुके है। बता दें कि वर्ष 2024 में जुलाई महीने में बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी तथा अक्टूबर माह में बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा द्वारा भी मुनीश सरदाना को बेस्ट वीजा कंसल्टेंट्स का अवार्ड दिया जा चुका है।

## विधायक सावित्री जिन्दल के प्रयासों से मिली सौगात

# मिली दो ट्रेन, चंडीगढ़ व गुड़गांव से सीधा जुड़ा हिसार

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

हिसार की विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री सावित्री जिन्दल के प्रयासों से हिसार शहर को दो ट्रेनों की सौगात मिली है। इसके साथ ही चंडीगढ़ और गुरुग्राम से सीधे रेल संपर्क का हिसार वासियों का सपना साकार हो गया। रेल मंत्रालय ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। रेल मंत्रालय नई दिल्ली से जारी अधिसूचना के अनुसार ट्रेन संख्या 64563-64 अंब अंदोरा – अंबाला कैंट वाया चंडीगढ़ मेमु ट्रेन को अब फास्ट मेमु ट्रेन के रूप में हिसार के रायपुर तक चलाया जाएगा। ट्रेन संख्या 64564 अंब-अंदोरा-अंबाला से अपराह्न 3 बजे चलकर अंबाला कैंट, कुरुक्षेत्र जंक्शन, कैथल, नरवाना, जाखल, उकलाना और बरवाला होते हुए रात 1.05 बजे हिसार के रायपुर पहुंचेगी। इसी तरह ट्रेन संख्या 64563 रात 2.25 बजे रायपुर-हिसार से चलकर प्रातः 7.20 बजे अंबाला कैंट और 12.40 बजे अंब अंदोरा पहुंचेगी। इसी तरह सरकार ने दिल्ली से रेवाड़ी के बीच वाया गुरुग्राम चलने वाली ट्रेन संख्या 54085-86 को फास्ट पैसेंजर ट्रेन के रूप में विस्तार देते हुए हिसार के सातरोड तक चलाने का फैसला किया है। ट्रेन संख्या 54085 दिल्ली से प्रातः 7 बजे चलकर 9.40 बजे रेवाड़ी और दोपहर बाद 1.35 बजे सातरोड पहुंचेगी। इसके बाद ट्रेन संख्या 54086 सातरोड से दोपहर बाद 2.10 बजे चलकर सायं 5.30 बजे रेवाड़ी और रात 9 बजे हिसार पहुंचेगी। यह ट्रेन रेवाड़ी से जाटुसाना, कोसली, झारली, चरखी दादरी, भिवानी, बवानी खेड़ा और हांसी होते हुए सातरोड पहुंचेगी।




#### काफी समय से उठ रही थी मांग

विधायक सावित्री जिन्दल ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया है। हिसार वासियों के लिए ये ऐतिहासिक उपलब्धियां हैं क्योंकि 1966 में हरियाणा के गठन के बाद से ही हिसार को सीधे चंडीगढ़ और गुड़गांव से जोड़ने की मांग उठाई जा रही थी। विधायक सावित्री जिन्दल ने इन दोनों ट्रेनों को हिसारवासियों को बड़ी सौगात बताते हुए कहा कि वे निरंतर रेल अधिकारियों के संपर्क में थीं। इनके संचालन से चंडीगढ़ और गुरुग्राम समेत अनेक शहरों से हिसार वासियों के बेहतर संपर्क बनेंगे और रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक उनकी पहुंच आसान होगी।



# शाहरुख ने दिखाया सुपर स्टारडम तो कियारा ने किया मदरहुड को सलाम

*लॉस एंजिल्स। दुनिया के सबसे बड़े फैशन शो या फैशन समारोह मेट गाला का आयोजन हो चुका है। हर साल की तरह इस बार भी न्यूयॉर्क के मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट में मई के पहले सोमवार को मेट गाला का आयोजन किया गया। जो भारतीय समयानुसार 6 मई को सुबह 3:30 बजे शुरू हुआ। इस समारोह में बॉलीवुड के किंग खान यानी शाहरुख खान से लेकर कियारा आडवाणी, प्रियंका चोपड़ा और दिलजीत दोसांझ सरीखे स्टार्स ने रेड कार्पेट पर अपना जलवा बिखेरा। शाहरुख ने जहां अपने स्टारडम से सबका ध्यान खींचा तो वहीं कियारा का टू बी मॉम लुक लोगों को पसंद आया और दिलजीत के महाराजा लुक ने लोगों का दिल ही जीत लिया।*



### हीरा जड़ी हुई है शाहरुख की बंगाल टाइगर हेड वाली छड़ी

बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान ने इस बार मेट गाला पर अपना शानदार डेब्यू किया। अपने इस बहुप्रतीक्षित डेब्यू के लिए किंग खान ने भारत के मशहूर डिजाइनर सब्यसाची के आउटफिट को चुना। शाहरुख ने ब्लैक आउटफिट के साथ चमकदार गोल्डन कलर की ज्वेलरी भी पहनी, जिसमें वो किसी सुपरस्टार से कम नहीं नजर आए। 'सुपरफाइनः टेलरिंग ब्लैक स्टाइल' थीम के मुताबिक, शाहरुख ने कई गोल्डन नेकलेस के साथ एक स्टाइलिश ब्लैक कलर का सूट पहना था। दो सबसे प्रमुख नेकलेस में से एक में उनके शुरुआती अक्षर '**SRK**' और दूसरे में '**K**' अक्षर है। शाहरुख के आउटफिट के बारे में बताते हुए डिजाइनर सब्यसाची का कहना है कि ये आउटफिट वैश्विक मंच पर उनके स्टारडम को दिखाता है। एक्टर ने अपने बाएं हाथ में चार खूबसूरत अंगूठियां और एक शानदार घड़ी भी पहनी थी। उन्होंने इस क्लासी लुक को और स्टाइलिश बनाने के लिए ब्लैक चश्मा और एक स्टेटमेंट ब्रोच को भी अपने साथ जोड़ा।

### कियारा के लुक ने बिखेरा जलवा

कियारा आडवाणी ने बेबी बंप के साथ मेट गाला में अपना डेब्यू किया। अपने इस डेब्यू के लिए कियारा ने भारतीय डिजाइनर गौरव गुप्ता के कस्टम कॉउचर आउटफिट को चुना। ब्रेवहार्ट्स नाम की उनकी ड्रेस फेमिनिटी, ट्रांसफॉर्मेशन और वंश को ट्रिब्यूट थी। स्कल्पचरल से तैयार इस इस गाउन में घुंघरू और क्रिस्टल से सजी एक प्राचीन सोने की ब्रेस्टप्लेट थी। मदर हार्ट और बेबी हार्ट को दर्शाती एक चेन कियारा ने पहनी थी जो उनके बेबी बंप पर टच कर रही थी। जो उनकी प्रेगनेंसी और जल्द ही मां बनने की भावना को दर्शाती है।

### महाराजा लुक में नजर आए दिलजीत

सिंगर-एक्टर दिलजीत दोसांझ ने इस बार मेट गाला में अपना शानदार आगाज किया। अक्सर अपने फैशन से लोगों का ध्यान खींचने वाले दिलजीत के मेट गाला में महाराजा लुक ने भी सभी का दिल जीत लिया। दिलजीत ने प्रबल गुरुंग द्वारा डिजाइन की गई व्हाइट कलर की ड्रेस पहनी। पंजाबी राजघराने की झलक दिखाते दिलजीत के आउटफिट में एक कुर्ता और एक लंबा अंगरखा और ड्रेप्ड बॉटम के साथ पगड़ी शामिल थी। भारी एसेसिरीज व ज्वेलरी और तलवार के साथ दिलजीत ने अपने महाराजा लुक को कम्पलीट किया। दिलजीत को देखते ही उनके फैंस बोले 'ओये पंजाबी आ गए ओए'

### प्रियंका ने दिखाई क्लासिक हॉलीवुड की झलक

ग्लोबल स्टार बन चुकीं प्रियंका चोपड़ा ने इस बार मेट गाला में एक टेलर्ड पोल्का डॉट सूट ड्रेस में अपना जलवा बिखेरा। इसे बाल्मेन के ओलिवियर रूस्टिंग द्वारा बनाया गया था। इस लुक में क्लासिक हॉलीवुड की झलक देखने को मिली, जिसमें शार्प सिल्हूट और स्टाइल को दिखाया गया। प्रियंका की यह ड्रेस ब्लैक सार्टोरियल पहचान और ब्लैक डैंडी की ऐतिहासिक खोज पर आधारित थी। प्रियंका की ड्रेस को को शानदार इतालवी घराने बव्लगारी की शानदार ज्वेलरी से सजाया गया था।

### ईशा अंबानी ने भी बिखेरा अपना जलवा

रिलायंस इंडस्ट्री लिमिटेड की डायरेक्टर ईशा अंबानी भी मेट गाला में पहुंचीं। वह डिजाइनर अनामिका खन्ना द्वारा डिजाइन की गई ड्रेस में कारपेट पर उतरीं। व्हाइट जियोमेट्रिक कोर्सेट, काले रंग की पैंट और सफेद केप पहने ईशा ने मेट गाला में अपनी शानदार उपस्थिति दर्ज कराई। उनकी ड्रेस ब्लैक डैंडी स्टाइल से प्रेरित थी। अपने डिजाइन को कीमती स्टोन्स और पारंपरिक मोती के काम से और अधिक आकर्षक बनाया। ग्लैमर के लिए ईशा ने ओसदार मेकअप चुना और अपने बालों को लंबी चोटी में बांधा।

## रॉक एंड रोल सूट में जेंडया और टेलर्ड फॉर यू में दिखीं स्टाइलिश

**लॉस एंजिल्स।** दुनिया का सबसे बड़ा फैशन इवेंट मेट गाला 4 मई को शुरू हुआ, जिसमें बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक के कई ग्लोबल स्टार्स ने हिस्सा लिया। इस फैशन इवेंट में कई हस्तियों ने अपने बोल्ड एंड हॉट लुक से सभी को आश्चर्यचकित कर दिया।

***सिडनी स्वीनी*** : अमेरिकी अभिनेत्री सिडनी स्वीनी काले रंग की शाइनिंग ड्रेस में मेट गाला 2025 फैशन इवेंट में पहुंचीं। उन्होंने मीयू-मूयी ब्लैक शाइनिंग गाउन के साथ प्लंजिंग कीहोल नेकलाइन कैरी किया, जिस पर गोल्ड रोसेट डिटेल और बीडेड फ्रिंज शोल्डर एक्सेंट लगे हुए हैं। उन्होंने स्लीक्ड-बैक अपडू के साथ पुराने हॉलीवुड लुक को पूरा किया।

***गिगी हदीद*** : गिगी हदीद ने फैशन की सबसे बड़ी रात के लिए मिउ मिउ का एक गोल्डन फिट गाउन पहना, जो जोसेफिन बेकर का संदर्भ देता है। गिगी हदीद किसी बड़ी फिल्म में अभिनय करने वाली पहली गोरी अभिनेत्री हैं।

***जेंडया*** : अमेरिकी अभिनेत्री और गायिका जेंडया ने इस बार मेट गाला 2025 में लॉ रोच द्वारा स्टाइल किए गया सफेद रंग का कस्टम लुई वुइटन सूट और मैचिंग हैट पहना। उनका लुक हर बार की तरह इस बार भी अनोखा और स्टाइलिश दिखा। फैरेल विलियम्स द्वारा डिजाइन किया गया यह सफेद रंग का लुक जूट सूट के रॉक एंड रोल इतिहास को श्रद्धांजलि देता है- जो ब्लैक डैंडीज्म की आधारशिला है।



जेंडाया ने ब्रेस्टेड टक्सेडो, वास्कट, सिल्क शर्ट-और-टाई, और फ्लेयर्ड ट्राउजर से अपने लुक को इनहैंस किया।

***रिहाना ने फ्लॉन्ट किया बेबी बंप*** : मेट गाला में रिहाना के स्टाइलिश लुक के साथ प्रेग्नेंसी अनाउंसमेंट फैंस के लिए बड़ा सरप्राइज रहा। रिहाना ने रेड कार्पेट पर ग्रे ब्लैक टू-पीस आउटफिट में शानदार एंट्री की। इस लुक में सिंगर का बेबी बंप भी साफ दिखाई दिया। रिहाना ने मेट गाला के लिए 'टेलर्ड फॉर यू' ड्रेस कोड कैरी किया। अपने लुक को सिंगर ने एक टॉप हैट, पोल्का डॉट नेकटाई, पॉकेट स्क्वायर, डायमंड ब्रोच और टू-टोन हील्स के साथ पूरा किया। इस लुक में रिहाना बहुत ही स्टाइलिश दिखीं। वहीं एक्ट्रेस के बेबी बंप से उनकी खूबसूरती और भी ज्यादा बढ़ गई।

***दुआ लिपा और सबरीना कारपेंटर*** : दुआ लिपा ने 2025 मेट गाला के रेड कार्पेट पर एक काले रंग की चैनल ड्रेस पहनी, जबकि सबरीना कारपेंटर एक कस्टम बरगंडी लुइस वुइटन टक्सिडो-प्रेरित बॉडीसूट में पहुंचीं।

***लिसा*** : *ब्लैकपिंक स्टार लिसा ने लुई वुइटन में अपना डेब्यू किया। उन्होंने इस दौरान ब्लैक शाइनिंग मोनोकिनी स्टाइल ड्रेस पहनी और अपने शानदार पोज से दर्शकों का दिल जीता।*

***हंटर शेफेर, एमी लू वुड, पैट्रिक श्वार्जनेगर - सिडनी स्वीनी और वाल्टन गोगिंस*** : *व्हाइट लोटस सितारों ने 2025 के मेट गाला के रेड कार्पेट पर स्टाइलिश लुक से हर किसी का दिल जीत लिया। हंटर शेफेर से लेकर एमी लू वुड, पैट्रिक श्वार्जनेगर, सिडनी स्वीनी और वाल्टन गोगिंस ने अपने लुक से फैशन की सबसे बड़ी रात में अपने अनोखे स्टाइल पेश किया।*


***हैली बीबर और केंडल जेनर*** : *हैली बीबर और केंडल जेनर ने 2025 मेट गाला रेड कार्पेट पर शार्प, टेलर्ड लुक पेश किया। हैली ने सेंट लॉरेंट ब्लेजर ड्रेस पहनी, जिसे टिफनी एंड कंपनी के ज्वेल्स और प्लेटफॉर्म हील्स के साथ पेयर किया। वहीं केंडल ने इस साल की रेड कार्पेट थीम, "टेलर्ड फॉर यू" के अनुरूप, टोरीशेजू का ग्रे स्कर्ट सूट चुना और डायमंड नेकलेस के साथ लुक को पूरा किया।*

***किम कार्दशियन*** : *मेट गाला 2025 में किम कार्दशियन ने स्टाइलिश बॉडीकॉन फिश कट ब्लैक लेदर ड्रेस के साथ ब्लैक हैट कैरी की। इसके साथ किम ने डायमंड ज्वैरी से अपने लुक को इंहैंस किया। उनका लुक किसी डिटेक्टिव जैसा दिखा।*



## 'बेसोस' गाने से धमाल मचाने को तैयार

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज और पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन की नई म्यूजिक वीडियो 'बेसोस' का टीजर 6 मई को रिलीज हो गया। इसने फैंस के बीच उत्साह की लहर दौड़ा दी है। इस टीजर में जैकलीन अपनी शानदार डांस मूव्स से स्क्रीन पर आग लगाती नजर आ रही हैं, जबकि शिखर धवन अपने स्टाइलिश लुक से सुर्खियां बटोर रहे हैं। गाने को मशहूर गायिका श्रेया घोषाल और इंटरनेशनल आर्टिस्ट कार्ल वाइन ने अपनी आवाज दी है। फैंस इस अनोखी जोड़ी की केमिस्ट्री देखने के लिए बेसब्र हैं। पूरा गाना 8 मई को सुबह 11 बजे प्ले डीएमएफ के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज होगा। 'बेसोस' का टीजर रंगीन और जोशीले वाइब्स से भरपूर है। टीजर में जैकलीन की एनर्जेटिक डांस मूव्स और शिखर का कूल अवतार फैंस का ध्यान खींच रहा है।



## 'टाइगर' की नई शॉर्ट फिल्म का टीजर जारी


**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ अपनी नई फिल्म जहां' को लेकर चर्चा में है। 2024 की सिंघम अगेन के बाद वह इस शॉर्ट फिल्म में दिखाई देंगे, जो एक्शन से भरी हुई है। राहुल शेट्टी की ओर से निर्देशित इस फिल्म को रेमो डिसूजा ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म का टीजर जारी कर दिया गया है। टाइगर ने फिल्म का टीजर रिलीज करते हुए कैप्शन में लिखा, 'कभी-कभी अंत ही नई शुरुआत होती है। मेरे भाई राहुल शेट्टी की ओर से निर्देशित इस शॉर्ट फिल्म का हिस्सा बन कर मैं बहुत खुश हूं, जिसमें पावरफुल मेसेज दिया गया है।' प्रोड्यूसर रेमो डिसूजा ने इस फिल्म को आरडी एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड आरएस स्टूडियो के तहत बनाया है। फिल्म का टीजर बहुत ही जबरदस्त और एक्शन से भरा है। फिल्म की टीजर की शुरुआत में टाइगर पानी का ग्लास लेने के लिए हाथ आगे बढ़ाते है।

## अनिल ने मां निर्मल कपूर के देहांत के बाद की भावुक पोस्ट

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर की मां निर्मल कपूर का शुक्रवार 2 मई को शाम को मुंबई के एक निजी अस्पताल में वृद्धावस्था संबंधी बीमारियों की वजह निधन हो गया। मंगलवार को अनिल ने सोशल मीडिया पर अपनी मां निर्मल की पांच ब्लैक एंड व्हाइट और कलर्ड तस्वीरें शेयर कीं और साथ ही एक इमोशनल नोट भी शेयर किया।

***अनिल ने शेयर कीं पांच अनदेखी तस्वीरें*** : अनिल ने इंस्टाग्राम पोस्ट पर अपनी मां की कई पुरानी और नई तस्वीरें शेयर कीं। पहली तस्वीर निर्मल की पेंटिंग है, दूसरी तस्वीर में निर्मल ब्लैक साड़ी में बेहद खूबरत दिखाई दे रही हैं, तीसरी तस्वीर में एक फोटो फ्रेम के अंदर निर्मल की तस्वीर दिखाई दे रही है। वहीं चोथी तस्वीर में निर्मल की गोद में एक छोटा बच्चा बैठा दिखाई दे रहा है, यकीन से नहीं कह सकते लेकिन हो सकता है कि यह अनिल ही हों और पांचवी तस्वीर में निर्मल अपने पूरे परिवार के साथ दो केक के सामने बैठी नजर आ रही हैं। शायद किसी का जन्मदिन रहा होगा।

***पोस्ट के जरिए दी मां को श्रद्धांजलि*** : अनिल कपूर ने लिखा, जीवन के हर क्षेत्र से मिल रहा प्यार अभिभूत करने वाला है। मेरे पास वास्तव में यह बताने के लिए शब्द नहीं हैं कि हम उनके कितने आभारी हैं। मेरी मां ने न केवल सीधे तौर पर बल्कि उन लोगों के माध्यम से भी बहुत से लोगों के जीवन को छुआ है, जिनका उन्होंने पालन-पोषण किया, उनका समर्थन किया और उन्हें प्यार किया। वह उन उल्लेखनीय महिलाओं में से एक थीं जो कभी भी सुर्खियों में नहीं रहीं, लेकिन जिनकी ताकत ने सभी को एक साथ बांधे रखा। एक खामोश स्तंभ, हमेशा मुस्कुराती हुई, हमेशा परवाह करने वाली, हमेशा अपने आस-पास के लोगों को गर्मजोशी से भर देने वाली।'





### सभी के करीब थीं निर्मल कपूर

अनिल ने आगे लिखा, 'वह वह गोंद थी जिसने हमारे परिवार को हमारे बच्चों से लेकर हमारे पोते-पोतियों और यहां तक कि हमारे विस्तारित परिवार और दोस्तों तक के करीब रखा। उनका प्यार दूर-दूर तक फैला हुआ था और संदेशों और स्नेह की बाढ़ से यह स्पष्ट है कि उन्होंने इतने सारे दिलों पर एक स्थायी प्रभाव डाला।' अनिल ने आगे लिखा, 'आप सभी को, विशेष रूप से फिल्म बिरादरी से, आपके दयालु शब्दों, प्रार्थनाओं और प्यार के लिए हार्दिक धन्यवाद। हम वास्तव में विनम्र और आभारी हैं।'

### टीवी मसाला



## इन हिंदी टीवी सीरियल की कहानी की गई कॉपी ...

**नई दिल्ली।** हाल ही में 'गुम है किसी के प्यार में' सीरियल का एक प्रोमो वीडियो सामने आया। इस प्रोमो को देखकर सोशल मीडिया यूजर्स ने दावा है कि इसकी कहानी जेनिफर विंगेट और हर्षद चोपड़ा के सीरियल 'बेपनाह' से कॉपी की गई है। यह पहली बार नहीं है कि किसी हिंदी टीवी सीरियल की कहानी कॉपी की गई हो, पहले भी ऐसा हो चुका है। कई हिट सीरियल तक कॉपी किए गए हैं। सीरियल 'बढ़ो बहू(2016)' एक रोमांटिक ड्रामा सीरियल था। यह सीरियल टीवी पर आया तो इसकी तुलना हिंदी फिल्म 'दम लगा के हइशा(2015)' से हुई। दोनों की कहानी एक मोटी लड़की के ईद-गिर्द घूमती है। सीरियल 'बढ़ो बहू' में लीड रोल में रिताशा राठौर थीं, वहीं हीरो का रोल प्रिंस नरुला ने किया था। साल 2003 में टीवी सीरियल 'जस्सी जैसी कोई नहीं' खूब पॉपुलर हुआ, इसमें मोना सिंह ने लीड रोल निभाया था। यह सीरियल भी कोलंबियन सीरियल 'यो सोय बेट्टी, ला फी' की थीम पर बना था, बस इसे भारतीय दर्शकों के हिसाब से तैयार किया गया था। साल 1993 में कॉमिक सीरियल 'जबान संभाले के' ने दर्शकों को खूब हंसाया, इसमें पंकज कपूर के अलावा कई चर्चित कलाकार नजर आए। यह सीरियल भी ब्रिटिश सिटकॉम 'मांइड योर लैंग्वेज' का इंडियन वर्जन था। सीरियल 'प्यार की एक कहानी (2010)' को एकता कपूर ने प्रोड्यूस किया था, इस सीरियल में विवियन डिसेना ने एक वैंपायर का रोल किया था। सीरियल 'प्यार की एक कहानी' की स्टोरी हॉलीवुड सीरियल 'द वैंपायर डायरी' और फिल्म सीरीज 'ट्वाइलाइट' से ली गई थी। साल 2003 में एक हिंदी सीरियल 'करिश्मा' का करिश्मा' रिलीज हुआ।

## पर्दे पर करनी पड़ी अपनी ही 'आपा' के साथ जबरदस्ती

*नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा के दमदार विलेन रजा मुराद ने अपने करियर में ज्यादातर विलेन के रोल निभाए हैं। उनकी आवाज तो इतनी दमदार थी कि उससे लोग कांप जाते थे। दिग्गज एक्टर ने फिल्मों में अपनी खलनायकी से हमेशा सबका दिल जीता। अब तक वह 200 से ज्यादा फिल्मों में नजर आ चुके हैं। राज कपूर की एक फिल्म में तो उन्होंने दर्शकों का दिल ही जीत लिया था। बॉलीवुड की ग्लैमरस एक्ट्रेस जीनत अमान के साथ भी उन्होंने काम किया है। एक फिल्म में तो उन्हें एक्ट्रेस के साथ रेप सीन शूट करना था। लेकिन, उन्होंने जीनत संग ये सीन करने से साफ इनकार कर दिया था।*



*बॉलीवुड में जीनत अमान वो एक्ट्रेस थी, जिनके साथ काम करने से कभी किसी ने मना नहीं किया था। चाहे वह हीरो हो या विलेन, हर कोई उनके साथ काम करने को तरसा करता था। रजा मुराद इकलौते वो एक्टर थे, जिन्होंने जीनत के साथ एक सीन करने से इनकार कर दिया था। दरअसल, इसके पीछे एक बड़ी वजह थी। दोनों ने साल साल 1987 में आई फिल्म डाकू हसीना में एक साथ काम किया था।*

*इसी फिल्म में दोनों को दोनों ही डाकू के किरदार में थे और स्क्रिप्ट के मुताबिक रजा को जीनत के साथ रेप सीन शूट करना था। रजा ने जैसे ही सुना कि ये सीन करना है, उन्होंने साफ इनकार कर दिया। वह उन्हें छूने के लिए तैयार नहीं थे। इसकी बड़ी वजह ये थी कि असल जिदंगी में जीनत अमान उनकी कजिन बहन थीं। जीनत और रजा मुराद चचेरे भाई-बहन थे।*

### ज्यादातर नेगेटिव रोल ही हैं निभाए

*रजा मुराद ने अपने कॅरियर में ज्यादातर नेगेटिव रोल ही निभाए हैं। साल 1982 में आई राज कपूर की फिल्म प्रेम रोग में उन्होंने पद्मिनी कोल्हापुरे के जेठ का किरदार निभाया था। इस फिल्म में भी उन्होंने रेप सीन शूट किया था। फिल्म में वह पद्मिनी कोल्हापुरे के जेठ और तनुजा के पति के रोल में नजर आए थे। फिल्म ब्लॉकबस्टर हिट हुई थी। रजा मुराद के रोल की भी सभी ने दिल खोलकर तारीफ की थी। इस फिल्म में उन्होंने एक ऐसे दरिंदे का रोल निभाया था, जो अपने ही भाई की पत्नी का रेप करता है।*

## अमेरिकी टैरिफ से भारतीय सिनेमा पर क्या होगा असर? दिग्गज फिल्मकारों ने दी प्रतिक्रिया

*नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में विदेशों में बनी फिल्मों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने की बात कही थी। इस फैसले ने विश्व सिनेमा, खासकर भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में हलचल मचा दी है। बॉलीवुड के दिग्गज फिल्म निर्माताओं ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।*

### फिल्मों का प्रवाह होगा कम : महेश भट्ट

फिल्म निर्माता-निर्देशक महेश भट्ट का कहना है कि यह फैसला अपेक्षित था, लेकिन अब इसके असर को समझना जरूरी है। उन्होंने कहा, 'यह तो होना ही था, लेकिन सवाल यह है कि इसका असर कितना गहरा होगा? क्या यह स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स पर भी लागू होगा? अमेरिका में तेलुगु फिल्मों की काफी मांग है। इस टैरिफ से हर कोई प्रभावित होगा। पहले जहां डिस्ट्रीब्यूटर्स 100 रुपए खर्च करते थे, अब उन्हें 200 रुपए देने पड़ेंगे। जाहिर है, इससे फिल्मों का प्रवाह कम होगा।"

### विक्रम भट्ट ने टैरिफ पर उठाए सवाल

वहीं, फिल्म निर्माता और निर्देशक विक्रम भट्ट का मानना है कि भारतीय सिनेमा पर इस टैरिफ का असर सीमित होगा। उन्होंने कहा, 'हमारी अधिकांश फिल्में अमेरिका और ब्रिटेन जैसे बाजारों में नहीं जातीं। केवल बड़ी बजट की फिल्में ही वहां पहुंचती हैं। मध्यम और छोटे बजट की फिल्मों का विदेशी बाजार पहले से ही सीमित है। अब इस टैरिफ के बाद शायद केवल मेगा-बजट फिल्में ही वहां प्रदर्शित हो पाएंगी, क्योंकि वहां प्रदर्शन की लागत बहुत ज्यादा है। वैसे भी हमारी फिल्में अमेरिका में शूट नहीं होतीं तो हमारी फिल्मों पर टैरिफ लगाने का क्या मतलब?"



### विवेक अग्निहोत्री ने की आलोचना

इस मुद्दे पर फिल्म निर्माता विवेक अग्निहोत्री ने भी अपनी राय रखी है। उन्होंने सोमवार को उन्होंने एक्स पोस्ट के जरिए अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि यह भारत की फिल्म इंडस्ट्री के लिए बेहद खतरनाक है। विवेक ने कहा, "ट्रंप द्वारा फिल्मों पर 100% टैरिफ लगाना एक विनाशकारी कदम है। अगर यह बेतुकापन जारी रहा तो भारत का संघर्षरत फिल्म उद्योग पूरी तरह से ध्वस्त हो जाएगा और इसे बचाने वाला कोई नहीं होगा। विवेके ने आगे कहा, भारतीय फिल्म लीडर्स को जागना और एकजुट होना चाहिए और पैपराजी और आत्म-प्रशंसा के पीछे भागने के बजाय इस खतरे से लड़ना चाहिए।

## 'लाफ्टर शेफ 2' पहुंचे तो ट्रोल हुए अभिनव अरोड़ा

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन भारती सिंह कलर्स चैनल पर एक शो 'लाफ्टर शेफ 2' को होस्ट करती हैं, इनके साथ शेफ हरपाल भी नजर आते हैं। शो में कृष्णा अभिषेक, करण कुंद्रा, एल्विश यादव, अंकिता लोखंडे, विक्की जैने, रुबीना दिलैक जैसे टीवी सेलिब्रिटी नजर आते हैं। यहां एक तरफ तो कुकिंग टास्क पूरे करते हैं, वहीं शो में हंसी का माहौल भी खूब बनता है। हाल ही में इस शो के एक एपिसोड का प्रोमो कलर्सटीवी के इंस्टाग्राम पेज पर साझा किया गया। प्रोमो में बतौर मेहमान अभिनव अरोड़ा नजर आ रहे हैं, इस बच्चे को देखकर फैंस नाराज हो गए। इसके बाद अभिनव की ट्ररोलिंग शुरू कर दी। इस लड़के को कथित बाल संत के नाम से सोशल मीडिया पर जाना जाता है। सोशल मीडिया पर इस लड़के की हरकतें देखकर कुछ यूजर्स अक्सर नाराज हो जाते हैं।



## खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों ने ली पर्यावरण संरक्षण की शपथ

**हिसार।** प्रदेश में पराली व गेहूं के फाने के जलने से पैदा होने वाले प्रदूषण के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने के मकसद से राह ग्रुप फाउंडेशन की ओर से जिले के 312 स्कूलों में पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। जागरूकता की इस कड़ी में स्कूलों में जागरुकता रैली, पेंटिंग/स्पीच कम्पटीशन व नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से भी प्रदूषण से बचने व बचाने का संदेश दिया गया।

### आईटीआई में लगाया रक्तदान शिविर

**बरवाला।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बरवाला के प्रांगण में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल के 71वें जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 52 रक्तदाताओं द्वारा अपनी-अपनी स्वेच्छा से रक्तदान किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा स्टाफ सलेक्शन कमीशन के सदस्य साधु राम जाखड़ ने शिरकत की।

### जल संकट एवं भाखड़ा नहर मुद्दे पर बैठक

**हिसार।** जिला बार एसोसिएशन की मंगलवार को जनरल हाउस मीटिंग बार रूम में आयोजित की गई। बैठक में हरियाणा में बढ़ते जल संकट और पंजाब सरकार द्वारा भाखड़ा नहर एवं एसवाईएल मामले में की जा रही मनमानी को लेकर गहन चर्चा की गई। सचिव समीर भाटिया ने बताया कि मीटिंग में पानी की न्यायसंगत उपलब्धता और हरियाणा के हितों की रक्षा को लेकर अपने विचार व्यक्त किए।

### चेक बाउंस मामले में उद्घघोषित आरोपी काबू

**हांसी।** पीओ स्टाफ हांसी पुलिस ने चेक बाउंस मामले में उद्घघोषित आरोपी हिसार के उदय पुरिया मौहल्ला निवासी राहुल गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पकड़े गए आरोपी को अदालत द्वारा चेक बाउंस के मामले में उद्घघोषित आरोपी करार दिया हुआ था।

### कैबिनेट मंत्री आज करेंगे उद्घाटन व शिलान्यास

**हिसार।** हरियाणा के लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा 7 मई को हिसार जिले के बरवाला क्षेत्र में उद्घाटन व शिलान्यास कार्यक्रमों में भाग लेंगे। कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा सबसे पहले एनएच-65 से ढाणी प्रेम नगर सडक़ के निर्माण कार्यों की आधारशिला रखेंगे। इसके पश्चात कैबिनेट मंत्री लोक निर्माण विभाग बरवाला के परिसर में नव-निर्मित एसडीई कार्यालय एवं स्टोर भवन का उद्घाटन करेंगे। कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा अपने दौरे के दौरान जनसुनवाई भी

### मजदूरों को किया नशे के बारे में जागरुक

**हांसी।** पुलिस की नशा मुक्ति टीम ने मंगलवार को गांव डाटा में तालाब पर मनरेगा मजदूरों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया। नशा मुक्ति टीम इंचार्ज सब इंस्पेक्टर नरेश कुमार ने मनरेगा मजदूरों को जागरूक करते हुए कहा कि नशा समाज को खोखला कर रहा है। हम सब की ये नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि हम सब नशे से दूर रहे और दूसरों को भी इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करें।

### रूप सिंह बने भाकपा के जिला सचिव बने

**हिसार।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) की जिला कार्यकारिणी की बैठक ऋषि नगर में रणजीत सिंह राजथल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से रूप सिंह को तीसरी बार जिला सचिव चुना गया। इसके अलावा सुनील बेडल को सहसचिव चुना गया। बैठक में 7 से 9 जून तक यमुनानगर में होने वाले पार्टी के राज्य स्तरीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए पांच डेलीगेट का चुनाव किया गया। जिला सचिव रूप सिंह ने कार्ल मार्क्स की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। एमएल सहगल ने कहा कि कार्ल मार्क्स ने विश्व समाज में हो रहे परिवर्तन प्रणाली आधीन एक सिद्धांत की खोज की।

ग्रामीण खेल नर्सरी के बच्चों को एक साल से नहीं मिली है डाइट मनी

# बच्चों ने डाइट मनी को लेकर किया प्रदर्शन

लघु सचिवालय के सामने धरना दिया और प्रशासन व सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की, एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हांसी



**हांसी।** डाइट मनी को लेकर लघु सचिवालय के बाहर प्रदर्शन करते खेल नर्सरी के बच्चे। *फोटो : हरिभूमि*

उपमंडल के गांव सुल्तानपुर स्थित खेल नर्सरी के खिलाड़ियों ने मंगलवार को पिछले एक साल से डाइट मनी नहीं मिलने को लेकर अपने कोच के साथ लघु सचिवालय के सामने धरना दिया और प्रशासन व सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बाद में मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन कर रहे खिलाडियों का कहना था कि उन्हें पिछले एक साल से खान-पान के लिए सरकार द्वारा निर्धारित डाइट मनी नहीं मिली है। जिसके कारण उन्हें दुकानदारों व लोगों से उधार ले लेकर काम चलाना पड़ रहा है।

इस अवसर नर्सरी कोच राजेश मलिक ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में बनाई गई खेल नर्सरी में मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हैं। वहीं खेल नर्सरी में अभ्यास करने वाले खिलाड़ी पिछले एक साल से अपनी डाइट मनी का इंतजार कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा खेल नर्सरी में अभ्यास करने वाले 8 से 14 वर्ष तक के बच्चों को 1500 तथा 14 वर्ष अधिक आयु के खिलाड़ियों 2000 रुपये प्रति माह डाइट मनी दी जाती है और डाइट मनी नहीं मिलने से खिलाड़ियों के प्रशिक्षण पर असर पड़ रहा है।

उन्होंने बताया कि वे खिलाड़ियों की डाइट मनी को लेकर कई बार विभागीय अधिकारियों से मुलाकात कर चुके हैं, लेकिन अभी तक सिवाय आश्वासन के उनकी समस्या का समाधान नहीं किया गया है।

#### सीएम से करेंगे मुलाकात

कोच राजेश मलिक ने कहा कि खेल नर्सरी से निकले कई खिलाड़ी राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। लेकिन डाइट मनी के रुपये नहीं आने के कारण कुछ खिलाड़ियों के पास खेल किट और जूते खरीदने के रुपए भी नहीं हैं। इसके चलते उनके खेल प्रदर्शन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। कोच मलिक ने कहा कि अगर जल्द उनकी समस्या का समाधान नहीं किया गया तो ग्रामीण क्षेत्रों की खेल नर्सरियों के कोच 11 मई को मुख्यमंत्री के हांसी आगमन पर उनसे मुलाकात करेंगे।

# मनोहर मोर्चा ने केंद्रीय मंत्री के जन्मदिन पर करवाया सुन्दरकाण्ड पाठ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार


**हिसार।** डिप्टी स्पीकर कृष्ण मिड्ढा, पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता व मेयर प्रवीण पोपली का स्वागत करते मनोहर मोर्चा के संस्थापक अध्यक्ष सुभाष ढींगड़ा व अन्य।

सामाजिक संगठन मनोहर मोर्चा द्वारा मोर्चा के स्थापना दिवस व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिवस पर कैंप चौक स्थित फ्लेमिंगो कॉम्पलेक्स में सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। मोर्चा के संस्थापक अध्यक्ष सुभाष ढींगड़ा ने बताया कि इस कार्यक्रम में विशेष रुप से हरियाणा विधानसभा में डिप्टी स्पीकर कृष्ण मिड्ढा, पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, नलवा से विधायक रणधीर पनिहार, हिसार भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़, हिसार के मेयर प्रवीण पोपली, पूर्व राज्यसभा सांसद जनरल डी.पी. वत्स व अन्य राजनीतिक व सामाजिक हस्तियों सहित हजारों लोगों ने सुन्दरकाण्ड पाठ किया व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल की दीघार्यु की कामना की। मनोहर मोर्चा के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने बताया कि बुधला संत मंदिर टीम द्वारा संगीतमयी सुन्दरकाण्ड पाठ किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर अनिल मानी, डॉ. राजकुमार आहूजा, पार्षद राजेश रिंकू, पार्षद ज्योति वर्मा, सुनील शर्मा, पार्षद भीम महाजन, पार्षद टीनू जैन, पार्षद प्रतिनिधि प्रीतम सैनी व अन्य मौजूदा व पूर्व पार्षदों ने शिरकत की।

# भाजपा नेता कर्ण ने पौधरोपण कर मनाया मनोहर लाल का जन्म दिन

- कप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के राजनीतिक जीवन पर डाला प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार


**हिसार।** हरियाणा कुरुक्षेत्र गोशाला में पौधरोपण करते भाजपा नेता कर्ण प्रताप सिंह व अन्य।

भाजपा युवा मोर्चा के राज्य कार्यकारिणी सदस्य कर्ण प्रताप सिंह ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का जन्मदिवस हरियाणा कुरुक्षेत्र गौशाला में पौधरोपण करके मनाया। कर्ण प्रताप सिंह ने बताया कि वर्तमान में हरियाणा सरकार उनके किए हुए कार्यों को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है।

इस अवसर पर उनके साथ सचिन यादव जमावड़ी, सूबेदार सुदेश सांगवान, प्रीतम स्वामी, रविन जमावड़ी, सुशील सहारण, देव सांगवान, डॉ. मनोज शर्मा, आशीष वैध, मनदीप, रोहित आदि मौजूद रहे।

# सजन लावट बने अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ के राष्ट्रीय चेयरमैन

- संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार


**हिसार।** सम्मान प्राप्त करते सजन लावट।

प्रसिद्ध समाजसेवी सजन लावट को अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ का राष्ट्रीय चैयरमेन नियुक्त किया है। इसकी घोषणा बिहार के सर्वप्रसिद्ध बौद्ध गया में संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष यशपाल चौहान ने की जिसका समर्थन भारतवर्ष के विभिन्न प्रदेशों से आए समाज के सभी पदाधिकारियों ने किया। नवनियुक्त राष्ट्रीय चैयरमैन सजन लावट ने अपनी इस नियुक्ति के लिए संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है वे उनका पूरी ततपरता व तन्मयता के साथ निर्वहन करेंगे। सजन लावट ने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि वे समाज को हर दिशा में अग्रणी बनाने में अपना सर्वस्व योगदान देने में पीछे नही हटेंगे।


**सिरसा।** आग लगने से जला बैंक का फर्नीचर व अन्य सामान।

### एक्सिस बैंक में आग लगने से फर्नीचर व अन्य सामान जला

**सिरसा।** शहर के सांगवान चौक स्थित एक्सिस बैंक की मुख्य ब्रांच में मंगलवार को आग लग गई। आगजनी में बैंक का रिकार्ड व फर्नीचर जलकर राख हो गया है। सूचना मिलने पर दमकल गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। अभी बैंक में आग लगने के कारणों का पता नहीं लग पाया है। जानकारी के अनुसार सुबह अचानक बैंक से धुआं उठा तो निकट ही स्थित निजी मॉल के सिक्योरिटी गार्ड ने इसकी जानकारी दमकल विभाग को दी। जब तक दमकल गाड़ी मौके पर पहुंचती तब तक आग फैल गई और बैंक के अंदर रखे कंप्यूटर, इलेक्ट्रिक उपकरण, कुर्सी, टेबल एवं कुछ दस्तावेज जल गए। अंदेशा जताया जा रहा है कि बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी और बाद में ज्यादा फैल गई। सिक्योरिटी गार्ड ने बताया कि सुबह उसने बाहर आकर देखा तो बैंक से धुआं निकल रहा था। मामले की जानकार पुलिस व दमकल विभाग को सूचना दी गई। कुछ समय बाद बैंक के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। बैंक अधिकारियों ने बताया कि नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

# एसडीएम ज्योति मित्तल को किया सम्मानित


**हिसार।** एसडीएम ज्योति मित्तल को स्मृति चिह्न देते अग्रवाल समाज के गणमान्य लोग।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

अग्रवाल समाज ने एसडीएम ज्योति मित्तल को उनके द्वारा की जा रही जन सेवा को देखते हुए सम्मानित किया गया है। अग्रवाल वैश्य समाज के जिला अध्यक्ष व अनेक संस्थाओं से जुड़े हुए ललित बंसल के नेतृत्व में मंगलवार प्रातः एस.डी.एम. कार्यालय में जाकर उन्हें बुक्का भेंटकर स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। सम्मान के दौरान उनसे नगर में चल रहे अनेक कार्यों बारे भी बातचीत हुई। इस मौके पर महाराजा अग्रसेन प्रचार प्रसार सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष आत्मा राम गर्ग, विक्की बंसल, बैंक से रिटायर्ड आत्मा राम गर्ग, दीपक अग्रवाल, हार्दिक अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# नशा मुक्ति केंद्र का रिकॉर्ड जांचा

- सीजेएम गायत्री ने किया सेफ हाउस व नशा मुक्ति केंद्र नागरिक अस्पताल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद


**फतेहाबाद।** नशा मुक्ति केंद्र नागरिक अस्पताल का निरीक्षण करते सीजेएम गायत्री।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला व सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी गायत्री ने सेफ हाउस व नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण व रिकॉर्ड को जांचा। उन्होंने सेफ हाउस में रह रहे प्रेमी जोड़ों से उनको वहां पर आने वाली कठिनाइयों के बारे में पूछताछ की व उन को दी जाने वाली सुविधाओं का अवलोकन किया। सीजेएम ने बताया कि मौजूदा समय में सेफ हाउस में एक जोड़ा सुरक्षा लिए हुए हैं व वहां उनके रहने के लिए कमरे उपलब्ध है। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य केंद्र में चल रही गतिविधियों और मरीजों की प्रगति की समीक्षा करना था। सीजेएम गायत्री ने नशा मुक्ति केंद्र के कर्मचारीयों एवं अधिकारियों को हिदायत दी की नशीली दवाओ या शराब के नशे से पीड़ित व्यक्तियों के लिए एक संरचित व सुरक्षित वातावरण प्रदान करें। सीजेएम ने कहा कि नशा पीड़ितों को न्याय देने में संबंधित विभाग के अधिकारी तत्परता से कार्य करते हुए नियमानुसार उचित कानूनी कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। वहां उपलब्ध विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

# पंजाब सरकार के खिलाफ सड़कों पर इनेलो कार्यकर्ता

- हरियाणा के हिस्से का पानी रोककर घटिया राजनीति कर रही है आम आदमी पार्टी पंजाब सरकार : सुनैना चौटाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद


**फतेहाबाद।** जल विवाद को लेकर सुनैना चौटाला के नेतृत्व में प्रदर्शन करते इनेलो कार्यकर्ता। *फोटो : हरिभूमि*

पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार ने हरियाणा के हिस्से का पानी रोककर घटिया राजनीति करने का परिचय दिया है। आम आदमी पार्टी के नेता एक तरफ हरियाणा में घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं वहीं दूसरी तरफ पंजाब में उनकी सरकार हरियाणा खासकर फतेहाबाद, हिसार और सिरसा क्षेत्र में खेती को बर्बाद करने और लोगों को प्यासा मारने काम कर रही है।

केन्द्र सरकार को तुरंत इस मामले में हस्तक्षेप कर विवाद को हल करवाना चाहिए। यह बात इनेलो महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला ने पंजाब की भगवंत मान सरकार द्वारा हरियाणा के हिस्से के नहरी पानी को रोकने के विरोध में किए गए प्रदर्शन से पूर्व जाट धर्मशाला में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। प्रदेश के जल हितों की रक्षा को लेकर इनेलो कार्यकर्ताओं ने आज सुनैना चौटाला के नेतृत्व में सडक़ों पर उतरकर प्रदर्शन किया और पंजाब सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इनेलो ने डीसी कार्यालय के बाहर पंजाब के सीएम भगवंत मान का पुतला भी फूंका। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रधान बीकर सिंह हड़ौली ने की।

#### प्रधानमंत्री हस्ताक्षेप करें

प्रदर्शन के दौरान सुनैना चौटाला ने कहा कि वर्तमान में हरियाणा को भाखड़ा नहर प्रणाली से मात्र 4 हजार क्यूसिक जल प्राप्त हो रहा है जबकि वास्तव में 8500 क्यूसिक पानी की प्रदेश में प्रत्येक दिन आवश्यकता है। प्रधानमंत्री को तुरंत इस मामले में हस्तक्षेप कर जल विवाद को सुलझाना चाहिए, क्योंकि आज हरियाणा प्रदेश का किसान, मजदूर व प्रत्येक जन पानी के लिए हा-हाकार मचा रहा है। पानी न मिलने से किसान फसलों की बिजाई नहीं कर पा रहे हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता हरि सिंह डांगरा, हरबंस खन्ना, अजीत गिलांखेड़ा, बलदेव दरियापुर, गुरचरण सिंह अमानी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### चोरी के मामले में दो युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस ने गांव दरियापुर में खेल से सोलर पम्प का स्टार्टर चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए पंजाब के दो युवकों को काबू करने में कामयाबी हासिल की है।

पकड़े गए युवकों की पहचान विक्रम पुत्र कृष्ण कुमार व सुरेन्द्र कुमार पुत्र रोशन लाल निवासी खैरां खुर्द जिला मानसा, पंजाब के रूप में हुई है। दोनों युवकों को माननीय अदालत में पेश कर हिसार जेल भेजा गया है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी एसआई ओमप्रकाश ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 25 दिसम्बर 2024 को गांव दरियापुर निवासी ओमप्रकाश की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसने अपने खेत में सोलर पम्प लगाया हुआ है।

प्राथमिक चिकित्सा के बारे में छात्रों को दी जानकारी

# विद्यार्थियों ने रेडक्रॉस दिवस पर किया शैक्षिक भ्रमण

- शिक्षण को मनोरंजक बनाने के लिए शैक्षिक भ्रमण जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार


**हिसार।** शैक्षिक भ्रमण करते इंडस आरपीएस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी।

इंडस आरपीएस पब्लिक स्कूल में मंगलवार को विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया गया। स्कूल द्वारा पांचवीं कक्षा से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। विश्व रेडक्रॉस का मुख्य उद्देश्य असहाय एवं घायल सैनिकों और नागरिकों की रक्षा करना है। वैश्विक महामारी के समय विश्व रेडक्रॉस का महत्त्व बढ़ जाता है। रेडक्रॉस के संस्थापक हेनरी डयूनेंट का जन्म 8 मई1828 को स्विट्जरलैंड में हुआ था। वे एक महान मानवतावादी, व्यापारी और सामाजिक कार्यकर्ता थे। उन्हीं की याद में यह दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है।

विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु ने विद्यार्थियों को प्राथमिक चिकित्सा के महत्व के बारे में बताया कि जो बच्चों में सुरक्षा और संरक्षण की भावना को बढ़ावा देती है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि प्राथमिक चिकित्सा के बारे में अच्छी जानकारी रखने वाले छात्र अधिक सतर्क और सक्रिय होते हैं।

विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलम राठी ने विद्यार्थियों के साथ अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि रेड क्रॉस का मुख्य उद्देश्य सहायता, इमरजेंसी सहायता, सेहत व सामाजिक सेवा में महत्वपूर्ण योगदान डालना है। इसके अलावा यह संस्था ब्लड बैंक से लेकर कई किस्मों की सामाजिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हम सबको भी और असहाय लोगों की हर तरह से सहायता करनी चाहिए ताकि हम भी इसका हिस्सा बन सके। उन्होंने कहा कि शिक्षण को अधिक से अधिक मनोरंजक, आकर्षक, रुचिकर बनाने के लिए समय - समय पर शैक्षिक भ्रमण के लिए भेजना ज़रूरी है।

**सूचना**

मैं, राजेश पुत्र श्री रामकुमार निवासी पेटवाड़, तहसील नारनौंद, जिला हिसार बयान करता हूं कि मेरा पुत्र मोहित मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, जगदीश पुत्र श्री दिवान सिंह निवासी गांव खाण्डा खेड़ी, तहसील बास जिला हिसार बयान करता हूं कि मेरा बड़ा पुत्र बलवान व उसकी पत्नी आरती तथा छोटा पुत्र कश्मीर व उसकी पत्नी डोली मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### अवैध पिस्तौल के साथ युवक किया गिरफ्तार

**हिसार।** सीआईए स्टाफ ने एक अवैध पिस्तौल व दो जिंदा कारतूस के साथ एक युवक को काबू किया है। आरोपी के खिलाफ एचटीएम थाना में मामला दर्ज किया गया है। सीआईए की टीम एयरपोर्ट चौक पर गश्त कर रही थी। टीम को सूचना मिली कि एक युवक अवैध पिस्तौल लिए हुए है और मिर्जापुर रोड पर किसी के इंतजार में खड़ा है। सूचना पाकर टीम युवक को काबू कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम अभि व पंजाब का रहने वाला बताया।

### बीयर की बोतल सिर में मार छात्र किया घायल

**हिसार।** रेलवे स्टेशन से खाना खाकर घर लौट रहे एक युवक को स्कॉर्पियो में सवार 3- 4 युवकों ने बीयर की बोतल सिर पर मारकर घायल कर दिया। उससे कुछ देर पहले स्टेशन के बाद हमलावरों ने पुलिस कर्मचारियों के साथ बहस की थी और पीड़ित छात्र बहसबाजी की वीडियो बनाने लगा था। घायल युवक को उपचार के लिए सिविल अस्पताल में दाखिल करवाया गया है।पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। छातुर ने पुलिस को बयान देकर बताया कि वह रेलवे स्टेशन पर होटल में खाना खाने गया था। स्टेशन के बाहर पहुंचे तो 3-4 युवक गाड़ी में बैठकर शराब पी रहे थे। वहां मौजूद पुलिस कर्मी ने उन्हें रोका। तब वे बहस करने लगे। मैं उस दौरान उनकी वीडियो बनाने लगा। उसके बाद गाड़ी चालक ने मेरे को गाड़ी ऊपर चढ़ाने की धमकी दी। बाद में वे चले गए। कुछ देर बाद खाना खाने के बाद जब वापस जाने लगे तो गाड़ी में सवार युवकों ने उनका रास्ता रोक लिया। एक युवक ने मेरे सिर पर बीयर की बोतल मारी और वे मौके से फरार हो गए।

### साइकिल से गिराकर नकदी का थैला छीना

**हिसार।** नई अनाजमंडी के पास साइकिल पर सवार से एक युवक उसका थैला छीनकर फरार हो गया। थैले में नकदी थी। पुलिस ने इस संबंध में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिलगेट स्थित शिवनगर के रहने वाले रोहताश ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि साईकिल पर किरयाणे का सामान लेकर सैक्टर-14 की तरफ जा रहा था। सुंदर नगर से होते हुए नई अनाज मंडी के पीछे वाले गेट के पास पहुंचा। तभी पीछे से एक युवक आया और उसने उसे साईकिल से नीचे गिरा दिया और थैला लेकर मौके से फरार हो गया। थैले में नकदी थी।

### जमीनी विवाद के चलते बुजुर्ग दंपति से मारपीट

**मंडी आदमपुर।** गांव दड़ौली में जमीनी विवाद के चलते बुजुर्ग दंपति से मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने एक महिला सहित सात लोगों को नामजद किया है। आदमपुर पुलिस को दिए ब्यान में घायल 60 वर्षीय वृद्धा पार्वती ने बताया कि रविवार को दोपहर करीब दो बजे वह और उसका पति सुख भादू घर पर ही थे। इतने में गांव के ही रमेश, रमेश का भाई सुभाष, सुभाष की पत्नी विनोद, लड़के सचिन व सौरभ, रमेश के लड़के आदित्य व अक्षय अपने हाथों में लाठी-डंडे लेकर घर में घुसे और दोनों के साथ मारपीट करने लगे। शोर सुनकर उसका देवर बलवान और उसका लड़का पवन घर पहुंचे तथा बीच-बचाव का प्रयास किया। आरोप है कि देवर बलवान और पवन के साथ भी मारपीट की।

### शांति निकेतन में एनसीसी कैडेट्स कैंप का आयोजन

**मंडी आदमपुर।** एनसीसी के वर्तमान सत्र के लिए शांति निकेतन पब्लिक स्कूल में कैडेट्स चयन कैंप आयोजित हुआ। इसमें हरियाणा श्री बटालियन एनसीसी से आए अधिकारी सूबेदार सुखमिंद्र सिंह, सूबेदार अनिल कुमार और हवलदार पप्पू ने कैडेट्स का विभिन्न शारीरिक व अन्य क्षमताओं के आधार पर चयन किया। स्कूल के सीटीओ मनोज कुमार ने बताया कि हरियाणा श्री बटालियन के कमांडिंग आफिसर कर्नल सुनील कटारिया के निर्देशन में आयोजित कैंप में प्रथम वर्ष के कैडेट्स का चयन किया गया। स्कूल डायरेक्टर अनिरुद्ध बिश्नोई, पपेन्द्र ज्याणी, डॉ. युद्धवीर और प्रिंसिपल राजेन्द्र ने कैडेट्स को बधाई दी।

### सभी एसडीएम नियमित रूप से राजस्व कोर्ट लगाकर करें मामलों की समीक्षा : उपायुक्त

# डीसी के निर्देश, जमाबंदी, इंतकाल और राजस्व के लंबित मामलों का जल्द हो निपटारा, देरी बर्दाश्त नहीं होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

उपायुक्त अनीश यादव ने मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सभागार में राजस्व विभाग के अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे लंबित जमाबंदी, इंतकाल और अन्य राजस्व मामलों का त्वरित निपटारा सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि राजस्व से जुड़े किसी भी मामले में अनावश्यक विलंब को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

बैठक में उपायुक्त ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से राजस्व कोर्ट लगाकर मामलों की समीक्षा करें और प्राथमिकता के आधार पर लंबित मामलों का समाधान करें। उन्होंने जिला राजस्व अधिकारी को भी निर्देशित किया कि वे यह सुनिश्चित करें कि जहां कहीं स्टाफ की कमी हो, वहां तुरंत आवश्यक पूर्ति की जाए।

■ जहां कहीं स्टाफ की कमी हो वहां तुरंत व्यवस्था की जाए।

#### नियमित समीक्षा रिपोर्ट डीसी कार्यालय भेजें

उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि संबंधित एसडीएम अपने अधीनस्थ राजस्व अधिकारियों की नियमित समीक्षा बैठक करें और उसकी रिपोर्ट समय पर उपायुक्त कार्यालय को भेजें। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, कोर्ट जुर्माना, स्टांप ड्यूटी, बैंक ड्यूज, स्टांप एक्ट के तहत लंबित मामलों, राजस्व कोर्ट केस, ततीमा कटिंग आदि पर विशेष ध्यान देते हुए गंभीरता से कार्य किया जाए। उपायुक्त अनीश यादव ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे प्रत्येक माह अपने उपमंडल में अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ बैठक करें और लंबित मामलों की प्रगति की समीक्षा करें। बैठक में हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, बरवाला एसडीएम डॉ. वेदप्रकाश बेनीवाल, नारनौंद एसडीएम मोहित महराणा, हांसी एसडीएम राजेश खोथ, जिला राजस्व अधिकारी विजय कुमार यादव, डीआईओ दीपक भारद्वाज सहित संबंधित तहसीलदार व नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

## डीसी ने किया तहसील कार्यालय का निरीक्षण, बोले- पब्लिक डीलिंग वाले सभी स्थानों पर 10 दिनों में सीसीटीवी लगवाना करें सुनिश्चित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

उपायुक्त अनीश यादव ने मंगलवार को लघु सचिवालय के प्रथम तल पर स्थित हिसार तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण कर प्रशासनिक व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न शाखाओं में कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों से लंबित कार्यों की जानकारी ली और निर्देश दिए कि सभी कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाए। उन्होंने राजस्व रिकॉर्ड व अन्य आवश्यक दस्तावेजों के निपटान में तेजी लाने पर बल दिया।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त अनीश यादव ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि तहसील कार्यालय की पब्लिक डीलिंग वाली सभी जगहों पर 10 दिनों के भीतर सीसीटीवी कैमरे इंस्टॉल किए जाएं। उन्होंने कहा कि इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और किसी भी तरह की शिकायतों का निवारण करने में मदद मिलेगी। उपायुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सीएम विंडो, जनसंवाद पोर्टल और समाधान शिविरों के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या टालमटोल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान एसडीएम हिसार ज्योति मित्तल, जिला राजस्व अधिकारी विजय कुमार यादव, तहसीलदार अनिल कुमार, नायब तहसीलदार नवदीप राठी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



हिसार। तहसील कार्यालय में निरीक्षण करते उपायुक्त अनीश यादव।

### ढाणी गुजरान में घर से सोने व चांदी के गहने और नगदी चोरी

**हांसी।** निकटवर्ती गांव ढाणी गुजरान में अज्ञात चोर घर के अंदर बैड में रखे सोने चांदी के आभूषण व नगदी चुराकर ले गए। पुलिस ने फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट के साथ मौके का निरीक्षण किया। पुलिस को दी शिकायत में ढाणी गुजरान के रहने वाले सचिन ने बताया कि वह हांसी में चौकीदार की नौकरी करता है, लेकिन अभी कुछ दिन पहले उसका कॉन्ट्रैक्ट खत्म हो गया था। रविवार को घर में सो रहा था कि सामान गिरने की आवाज आई तो परिवार के सभी सदस्य जाग गए। उसी वक्त घर के अंदर से किसी के भागने की आवाज आई। और जब घर के सदस्यों ने घर के अंदर जा कर देखा तो बेड के गद्दे के नीचे रखा एक तोले का सोना का लॉकेट और उसके पास ही रखे पर्स से नकदी गायब मिली। सचिन के अनुसार चोरों ने दूसरे कमरे में रखी अलमारी व बक्से में रखे सामान की भी तलाशी ली।

## चिंताजनक : भारत में 34 मिलियन से अधिक अस्थमा के रोगी : डॉ. चावड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

अस्थमा मुख्य रूप से वायु मार्ग में सूजन और संकुचन के कारण होता है जिसमें सांस लेने में कठिनाई होती है यह कई कारणों के ट्रिगर हो सकता है जिससे एलर्जी, संक्रमण, और वायु प्रदूषण शामिल है। सर्दी जुकाम फ्लू जैसे वायरल संक्रमण भी अस्थमा के लक्षणों को बढ़ा सकते है। यह बात निवारण मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल के चिकित्सक डॉ. अश्वेन्द्र सिंह चावड़ा व माधव चिल्ड्रन हॉस्पिटल के डॉ. अजीत सिंह टेलटिया ने पत्रकारों से बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि अस्थमा सांस संबंधी बीमारी है जो दुनिया भर में प्रभावित करती है दुनिया भर में 262 मिलियन से अधिक लोग अस्थमा की बीमारी से प्रभावित है। भारत में 34 मिलियन से अधिक लोग अस्थमा के रोगी है और वैश्विक मौत में 42 प्रतिशत भारत के लोग अस्थमा के कारण अपनी जान गवां देते है। इस अवसर पर सुनील कुमार, नरेंद्र कुमार व अन्य मौजूद रहे।




हिसार। बातचीत करते डॉ. अश्वेन्द्र सिंह चावड़ा व डॉ. अजीत सिंह टेलटिया। फोटो :हरिभूमि

■ भारत में 34 मिलियन से अधिक लोग अस्थमा के रोगी है और वैश्विक मौत में 42 प्रतिशत भारत के लोग अस्थमा के कारण अपनी जान गवां देते है।

### मंत्री ने वित्तायुक्त को लिखा पत्र पनिहारी को बरवाला से जोड़ें

**हिसार।** ग्राम पंचायत पनिहारी के प्रतिनिधिमंडल की मांग पर लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने गांव पनिहारी को उप-तहसील खेड़ी जालब के स्थान पर तहसील बरवाला जिला हिसार से जोड़े जाने का अनुमोदन किया है। वर्तमान में गांव पनिहारी की प्रशासनिक स्थिति जटिल है। यह गांव उप-तहसील खेड़ी जालब से जुड़ा हुआ है, जबकि बीडीपीओ और पुलिस थाना बरवाला में स्थित हैं। इस कारण गांववासियों को अपने व्यक्तिगत एवं शासकीय कार्यों के लिए दोनों स्थानों खेड़ी जालब और बरवाला जाना पड़ता है, जिससे उन्हें काफी असुविधा होती है। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए राजस्व विभाग के वित्तायुक्त, हिसार के उपायुक्त, भूमि अभिलेख निदेशक, हरियाणा सरकार के राजस्व सचिव को कार्यवाई के लिए सिफारिश की है कि गांव पनिहारी को उप-तहसील खेड़ी जालब के स्थान पर तहसील बरवाला, जिला हिसार से जोड़ा जाए, जिससे ग्रामवासियों को प्रशासनिक कार्यों में सुविधा प्राप्त हो और उनका समय भी बच सके। कैबिनेट मंत्री ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया है कि यह मांग जल्द से जल्द पूरी की जाएगी।

## नेशनल हाइवे पर कार चालक को लूटने के दो आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

सदर थाना पुलिस ने नेशनल हाइवे पर कार चालक से रुपये लूटने वाले दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान पेटवाड़ निवासी दीपक व थुराना निवासी सोमबीर के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार दोनों आरोपियों ने 2 फरवरी को अपनी कार में सवार होकर दिल्ली जा रहे पंजाब के मुक्तसर जिले के सुरेवाला निवासी गुरु प्यार सिंह को कार की किस्त पेंडिंग होने के बहाने से नेशनल हाइवे स्थित रिछपुरा गांव के पास उसकी कार के सामने अपनी कार लगाकर उसको गाड़ी को रूकवा लिया और गाड़ी की किस्त के नाम पर उसके फोन से जबरदस्ती 9 हजार अपने खाते में डलवा लिए तथा उसके जेब में रखे 3600 रुपये जबरदस्ती निकाल कर ले गए थे। सदर थाना पुलिस ने गुरु प्यार की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करके एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जाएगी।



हांसी। कार चालक के साथ लूट-पाट करने वाले आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

## दयानंद महता बने भाविप हांसी के प्रधान

■ स्वर्णकार धर्मशाला में किया शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

भारत विकास परिषद शाखा हांसी का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन स्वर्णकार धर्मशाला में किया गया। कार्यक्रम के आरंभ पर पहलगाम में मारे गये लोगों के लिए दो मिनट का मौन रखा गया और इस कार्यक्रम में प्रान्तीय अध्यक्ष राजेश गुप्ता मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित थे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय सेवा सचिव कमलेश गर्ग ने की। समारोह में प्रान्तीय अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने दयानन्द महता को अध्यक्ष, श्रीचंद आहुजा को सचिव और प्रमोद धमीजा को कोषाध्यक्ष व पुनम मनचंदा को भाविप महिला सहभागिता प्रमुख पद के दायित्व की शपथ दिलाई। शाखा अध्यक्ष महता और सचिव आहुजा ने कहा कि परिषद द्वारा हमें जो जिम्मेदारी दी गई है उसे हम पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ निभाएंगे। इस अवसर पर डा. विरेंद्र आहुजा, मास्टर रामअवतार सिंह, दीपक मित्तल, राजकुमार मनचंदा, डा. रणजीत सैनी, कश्मीरी लाल मनचंदा मौजूद रहे।



### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से पर्वतारोही नरेंद्र कुमार ने की मुलाकात

***हिसार।** हिसार के गांव मिंगनी खेड़ा निवासी पर्वतारोही नरेंद्र कुमार ने चंडीगढ़ स्थित सीएम आवास संत कबीर कुटीर में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से विशेष मुलाकात की। पर्वतारोही नरेंद्र कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विश्व की सबसे खतरनाक चोटियों में से एक माउंट अन्नपूर्णा (जिसकी ऊंचाई 8,091 मीटर है) पर तिरंगा झंडा फहराने वाले हरियाणा के पहले पर्वतारोही बनने की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करने पर उन्हें बधाई दी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उनके अगले लक्ष्य (विश्व की 14 सबसे ऊंची चोटियों पर तिरंगा फहराना) के लिए शुभकामनाएं भी दी। गांव मिंगनी खेड़ा निवासी पर्वतारोही नरेंद्र कुमार ने इससे पहले पर्वतारोही में कई राष्ट्रीय और विश्व स्तरीय उपलब्धियां हासिल की हैं, जिनमें माउंट किलिमंजारो पर 5 दिनों में 2 बार चढ़ाई करके विश्व रिकॉर्ड बनाना शामिल है। पर्वतारोही नरेंद्र कुमार हरियाणा के पहले व्यक्ति हैं जिन्होंने माउंट ल्होत्से (8516 मीटर) पर चढ़ाई की है और 15 अगस्त 2021 को आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में माउंट युनम पर 151 फीट लंबा और 9 फीट चौड़ा भारत का राष्ट्रीय ध्वज फहराया। पर्वतारोही नरेंद्र कुमार अपने कीमती समय में से समय निकाल कर बच्चों को माउंटेनियरिंग और एडवेंचर के प्रति प्रेरित करते हैं और बच्चों को करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।*

## ढाणी पाल में सरकारी बाग के फलों की नीलामी को लेकर दो पक्षों में हुई झड़प, एक गाड़ी तोड़ी

### 25 एकड़ बाग के फलों की 7 लाख, 11 एकड़ के बाग की 3.3 लाख में नीलामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

गांव ढाणी पाल स्थित सरकारी बाग की बोली को लेकर मंगलवार को दो पक्षों में विवाद हो गया। बोली पूरी होने के बाद एक पक्ष ने दूसरे पक्ष की गाड़ी में तोड़फोड़ की गई। बागवानी विभाग के अनुसार ढाणी पाल स्थित दो सरकारी बागों के फलों की बोली के लिए पंचकूला हेड ऑफिस से टीम आई हुई थी और अधिकारियों की मौजूदगी में केवल सिक्योरिटी राशि जमा करवाने वाले ठेकेदारों को बोली में भाग लेने की अनुमति दी गई थी। बोली के दौरान 25 एकड़ के बड़े बाग की सबसे अधिक बोली प्रदीप के नाम 7 लाख रुपये में और 11 एकड़ के छोटे बाग की बोली लोकेश के नाम से 3.30 लाख रुपये में हुई। अधिकारियों के अनुसार बोली स्थल पर विवाद नहीं हुआ। लेकिन बोली स्थल से बाहर सड़क पर दो पक्षों के बीच झड़प हुई थी। उधर 25 एकड़ बाग की बोली छुड़ाने वाले प्रदीप ने आरोप लगाया कि दूसरा पक्ष उसे बोली में भाग लेने से रोक रहा था। लेकिन उसके द्वारा सबसे अधिक बोली लगाकर बाग अपने नाम छुड़वाने के बाद जब वह बोली स्थल से बाहर निकला, तो दूसरे पक्ष ने उसके साथ हाथापाई की गई और उसकी गाड़ी पर ईंट पत्थर फेंककर क्षतिग्रस्त कर दिया।



हांसी। दो पक्षों के विवाद में चले ईंट पत्थरों से क्षतिग्रस्त गाड़ी

#### शिकायत के आधार पर होगी कार्रवाई

उधर शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सदानंद ने बताया कि ढाणी पाल में दो सरकारी बागों बोली के मद्देनजर बोली स्थल पर पहले से ही पुलिस कर्मी तैनात किए गए थे। बोली समाप्त होने के बाद सड़क पर हुई झड़प में कुछ लोगों को चोटें आने की सूचना मिली है। लेकिन अभी तक किसी पक्ष द्वारा कोई औपचारिक शिकायत नहीं दी गई है। शिकायत के आधार पर जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### जिला स्तरीय निगरानी एवं मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक सम्पन्न

**हिसार।** अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत जिला स्तरीय निगरानी एवं मॉनिटरिंग कमेटी की त्रैमासिक बैठक लघु सचिवालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सभागार में उपायुक्त अनीश यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य अधिनियम का प्रभावी अनुपालना सुनिश्चित करना रहा। उपायुक्त अनीश यादव ने बैठक में बताया कि यह अधिनियम अनुसूचित जाति/जनजाति के लोगों पर किए गए अत्याचारों की रोकथाम तथा उन्हें न्याय दिलाने के लिए बनाया गया है।

### शादियों की व्यवस्था के लिए अलग-अलग टीमों का गठन

## अग्रसेन भवन में 18 को गरीब कन्याओं की होगी शादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की मीटिंग हरियाणा अग्रवाल विकास संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष व वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग के उपरांत बजरंग गर्ग ने पत्रकार वार्ता में कहा कि अग्रवाल विकास संगठन द्वारा 18 मई को महाराजा अग्रसेन भवन में जरूरतमंद परिवार की कन्याओं की शादी समारोह होगा। शादियों की व्यवस्था के लिए अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। बजरंग गर्ग ने बताया कि जरूरतमंद युवक-युवतियों की शादी बड़े धूमधाम से करवाई जाएगी। शादी समारोह में खाने, ठहरने के अलावा हर प्रकार की व्यवस्था संस्था द्वारा की गई है। गर्ग ने कहा कि शहर के सामाजिक व धार्मिक व्यक्तियों के सहयोग से युवक-युवती को जरूरत का सभी सामान दिया जाएगा। अब तक शादी के लिए जोड़े का रजिस्ट्रेशन हो रहा है। शादी के लिए और जितने भी जोड़े आएंगे उन सभी की शादियां 18 मई को ही करवाई जाएगी। बजरंग गर्ग ने कहा कि समाज के प्रतिनिधियों द्वारा नशा मुक्ति अभियान चलाया जाएगा। इस अवसर पर महाराजा अग्रसेन भवन के प्रधान अंजनी कुमार खारिया, संरक्षक दीपक गर्ग, वैश्य समाज के जिला प्रधान एनके गोयल, युवा शहरी प्रधान अनिल सिंगला मंगालीवाला मौजूद रहे।



हिसार। अग्रवाल विकास संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग व अन्य प्रतिनिधि शादी कार्ड का विमोचन करते हुए। फोटो :हरिभूमि

## गुजवि में हुआ ओरिएंटेशन सत्र आयोजित, कई जानकारी दी

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में हैक विद इंफी 2025, जो कि इंफोसिस द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर की कोडिंग प्रतियोगिता है, पर एक ओरिएंटेशन सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल और कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग विभाग (सीएसई) द्वारा संयुक्त रूप से चौधरी रणबीर सिंह ऑडिटोरियम के सेमिनार हॉल-1 में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्री-फाइनल वर्ष के विद्यार्थियों को इस बहुमूल्य करियर अवसर के बारे में सूचित करना और उन्हें प्रेरित करना था। सीएसई विभाग के अध्यक्ष प्रो. ओ.पी. सांगवान इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। उन्होंने सभी बीटेक, एमटेक और एमसीए कार्यक्रमों के प्री-फाइनल वर्ष के विद्यार्थियों से हैकविदइंफी के लिए पंजीकरण करने और गंभीरता से तैयारी करने का आग्रह किया। प्लेसमेंट निदेशक डॉ. प्रताप सिंह ने उपस्थित विद्यार्थियों का स्वागत किया। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट समन्वयक डॉ. जय भगवान ने हैकविदइंफी के महत्व, पाठ्यक्रम, परीक्षण पैटर्न और संरचना पर एक जानकारीपूर्ण प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में डॉ. अंजू सांगवान, डॉ. पवन, डॉ. बिंदु और डॉ. नरेंद्र कुमार जैसे संकाय सदस्य उपस्थित रहे।